# SAMPLE PAPER

Subject - Hindi

Time : 3.15 Hrs | Class - XII | Maximum Marks: 80

विद्यार्थियों हेतु सामान्य निर्देशः–
(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।
(2) सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य है।
(3) जिन प्रश्नों के आन्तरिक खण्ड है, उन सभी के उत्तर एक साथ लिखें।
(4) उत्तर स्वच्छ एवं सुपाठ्य लिखें।

(खण्ड–'अ')

प्रश्न 1. निम्नलिखित बहुचयनात्मक प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए– (1×16=16)

(1) टेलीविजन में सबसे अधिक महत्व होता है–
(अ) दृश्य का (ब) ध्वनि का (स) उद्घोषक का (द) बाइट का

(2) रेडियो समाचार लेखन में कितने शब्द होने चाहिए–
(अ) 10 से 12 (ब) 12 से 13 (स) 15 से 17 (द) 8 से 10

(3) भाषा का आरंभ होता है–
(अ) अर्थ से (ब) शब्द से (स) वाक्य से (द) ध्वनि से

(4) भाषा का वह रूप जिसका प्रयोग सामान्य जनता अपने समूह या घरों में करती है, उसे कहते है–
(अ) ब्रजभाषा (ब) परिनिष्ठित भाषा (स) मगही (द) राजकीय भाषा

(5) 'उनकी कविता में व्यर्थ का उलझाव, अखबारी सतहीपन और वैचारिक धुंध के बजाय संयम, परिष्कार और साफ–सुथरापन है'–यह किसके लिए कहा गया है–
(अ) आलोक धन्वा (ब) रघुवीर सहाय (स) कुँवर नारायण (द) उमाशंकर जोशी

(6) आलोक धन्वा की पहली कविता है–
(अ) जनता का आदमी (ब) दुनिया रोज बनती है
(स) चक्रव्यूह (द) इन दिनों

(7) 'बगुलों के पंख' कविता में किस समय का चित्रण है–
(अ) प्रातः (ब) सांयकाल (स) दोपहर (द) भोर

(8) वह स्थिति जिसमें कुछ व्यक्तियों को दूसरे लोगों के द्वारा निर्धारित व्यवहार एवं कर्त्तव्यों का पालन करना पड़े,उसे कहते हैं–
(अ) पराधीनता (ब) लोकतंत्र (स) दासता (द) समता

(9) शिरीष फूल की कोमलता का वर्णन संस्कृत–साहित्य में किसने किया है–
(अ) तुलसीदस (ब) कबीर (स) कालिदास (द) भवभूति

(10) 'क्या उन्होने कहा था कि जब आदमी बूँद–बूँद पानी को तरसे तब पानी कीचड़ में बहाओ' – उक्त कथन किसका है–
(अ) जीजी का (ब) ऋषि का (स) लेखक का (द) लेखक के पिता का

(11) धर्मवीर भारती की कौनसी रचना भावप्रवण प्रेम कथा है–
(अ) सूरज का सातवां घोड़ा (ब) अंधा युग
(स) कनुप्रिया (द) गुनाहों का देवता

(12) किशन दा यशोधर बाबू के घर कब आते थे–
(अ) हर रविवार (ब) हर सोमवार (स) हर मंगलवार (द) हर शाम

(13) स्वयं द्वारा कविता करना पढ़ाते समय रम जाना और कवियों के संस्मरण सुनाना किसकी विशेषता हैं–
(अ) मंत्री अध्यापक (ब) वसंत पाटिल
(स) न. वा. सौंदलगेकर (द) जकाते

(14) 'किसी घर की देहरी पर पाँव रखकर आप सहसा सहम सकते हैं,रसोई की खिड़की पर खड़े होकर उसकी गंध महसूस कर सकते हैं,' ऐसा किस नगर के लिए कहा गया है–
(अ) हड़प्पा (ब) मुअनजो–दड़ो (स) मेसोपोटामिया (द) ब्रासिलिया

(15) यशोधर बाबू को किसकी याद हो आई–
(अ) पत्नी की (ब) बच्चों की (स) गिरीश की (द) जीजा जनार्दन जोशी की
(16) लेखक किस कक्षा में नापास है–
(अ) चौथी (ब) छठी (स) पाँचवी (द) सातवी

प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– (6×1=6)
(1) जो अर्थ अभिधेयार्थ और आरोपितार्थ से परे हो एवं कल्पना आधारित हो, वह ................ शब्द–शक्ति होती है।
(2) लक्ष्यार्थ का बोध कराने वाली शब्द–शक्ति को ................. शब्द–शक्ति कहते है।
(3) किसी वस्तु, व्यक्ति या रूप –सौन्दर्य का बढ़ा–चढाकर वर्णन करना ................ अलंकार कहलाता है।
(4) 'सुधि आये, सुधि जाये' पंक्ति में ................. अलंकार है।
(5) 'त्रैमासिक' शब्द के लिए सही अंग्रेजी शब्द .................... है।
(6) '*Preliminary*' शब्द के लिए सही हिंदी शब्द ................. है।

प्रश्न 3. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए– (6×1=6)
हिन्दी में रामकाव्य की विस्तृत परम्परा मिलती है। हिंदी में सर्वप्रथम सं. 1342 में लिखित कवि भूपति कृत 'रामचरित रामायण' का संकेत मिलता है, परंतु उसकी अभी तक कोई प्रतिलिपि उपलब्ध नहीं है हिंदी में तुलसी ही रामायण के प्रमुख कवि है। तुलसी के समकालीन कवियों में से मुनिलाल कृत 'रामप्रकाश' काव्य मिलता है, जो रीतिशास्त्र के आधार पर लिखा गया है महाकवि केशव ने 'रामचन्द्रिका' नामक महाकाव्य की रचना की है, जिसमें काव्य–कौशल का तो प्राधान्य है, परन्तु चरित्र–चित्रण एवं प्रबन्धातम्कता की उपेक्षा की गई है। सेनापति ने भी अपने 'कवित्त रत्नाकर' में चौथी एवं पाँचवी तरंगों के अन्तर्गत रामायण एवं राम रसायन का वर्णन किया है। तुलसी के समाकालीन कवियों के उपरांत भी हिंदी में राम–काव्य के दर्शन होते हैं। इनमें से हृदयाराम कृत 'हनुमन्नाटक' मिलता है। तदुपरान्त प्राणचंद चौहान कृत 'रामायण महानाटक' मिलता है जो संवाद रूप में लिखा गया है।
(1) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।
(2) किस कवि के किस काव्य की अभी तक कोई प्रतिलिपि प्राप्त नहीं हुई है?
(3) कौनसा काव्य रीतिशास्त्र के आधार पर लिखा गया है?
(4) कौनसा काव्य संवाद रूप में लिखा गया है?
(5) 'रामचन्द्रिका' महाकाव्य में किसकी उपेक्षा की गई है?
(6) 'एक ही समय में होने वाला या रहने वाला' वाक्य के लिए एक शब्दांश उपर्युक्त अवतरण में से छाँटकर लिखिए।

प्रश्न 4. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– (6×1=6)
मनमोहिनी प्रकृति की जो गोद में बसा है,
जिसका चरण निरंतर रत्नेश धो रहा है,
जिसका मुकुट हिमालय, वह देश कौन–सा है?
नदियाँ जहाँ सुधा की धारा बहा रही हैं,
सींचा हुआ सलोना, वह देश कौन–सा है?
जिसके बड़े रसीले, फल, कन्द, नाज मेवे,
सब अंग में सजे हैं, वह देश कौन–सा है?
जिसमें सुगंध वाले, सुन्दर प्रसून प्यारे,
दिन–रात हँस रहे हैं वह देश कौन–सा है?
मैदान गिरि, वनों में हरियालियाँ लहकती,
आनंदमय जहाँ है, वह देश कौन–सा है?
जिसकी अनंत धन से, धरती भरी पड़ी है,
संसार का शिरोमणि, वह देश कौन–सा है?
(1) काव्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।
(2) कवि ने भारतवर्ष की कौन–सी विशेशताएँ बतायी हैं?
(3) भारतवर्ष का मुकुट किसे कहा गया है?
(4) भारत देश को संसार का शिरोमणि क्यों कहा गया है?
(5) भारतवर्ष में हरियाली कहाँ लहकती है?
(6) 'पुष्प' शब्द का पर्यायवाची शब्द उपर्युक्त काव्यांश में से छाँटकर लिखिए।

(खण्ड–'ब')

निम्नलिखित लघूत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए–

प्रश्न 5. रेडियों और टेलीविजन समाचार की भाषा–शैली के विषय में बताइए। (2)

प्रश्न 6. यशोधर बाबू को अपनी पत्नी की कौनसी बात पसन्द नहीं थी? वे क्या कहकर पत्नी के विद्रोह को मजाक में उड़ा देना चाहते हैं? (2)

प्रश्न 7. मुअनजो–दड़ो में मुखिया का घर किसे कहा गया है? (2)

प्रश्न 8. 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता से क्या प्रेरणा मिलती है? (2)

प्रश्न 9. 'यह मैने भक्तिन के प्रस्ताव को अवकाश न देने के लिए कहा था, पर उसके परिणाम ने मुझे विस्मित कर दिया।'–भक्तिन ने लेखिका के सामने क्य प्रस्ताव रखा और उसका क्या परिणाम हुआ? (2)

(खण्ड–'स')

प्रश्न संख्या 10 से 14 के उत्तर 60 से 80 शब्दों में लिखिए–

प्रश्न 10. 'श्रम–विभाजन और जाति–प्रथा' के आधार पर जाति प्रथा के गंभीर दोषों को बताइए। (3)

अथवा

"अवधूतों के मुँह से ही संसार की सबसे सरस रचनाएँ निकली हैं। कथन के माध्यम से लेखक ने किन्हें अवधूत बताया है? स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 11. फिराक गोरखपुरी की 'रूबाइयों' में हिन्दी उर्दू और लोकभाषा का अनूठा गठबंधन दिखाई पड़ता है। कथन को स्पष्ट कीजिए। (3)

अथवा

'दिन जल्दी–जल्दी ढलता है' कविता का उद्देश्य लिखिए।

प्रश्न 12. लेखक आनंद यादव संघर्ष करके जीवन को उत्कृष्ट बनाता है। वर्तमान संदर्भ में 'जूझ' पाठ किशोरों के लिए कितना उचित है? स्पष्ट कीजिए। (3)

अथवा

'अतीत में दबे पाँव' पाठ के आधार पर मुअनजो–दड़ो के महाकुंड का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 13. 'उमाशंकर जोशी' अथवा 'हजारी प्रसाद द्विवेदी' में से किसी एक का जीवन परिचय लिखिए। (3)

प्रश्न 14. फीचर का प्रारंभ कैसा होता है? (3)

अथवा

'शिक्षा का व्यावसायीकरण' विषम पर एक आलेख लिखिए।

(खण्ड–'द')

प्रश्न 15. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए– (6)

खेती न किसान को भिखारी को न भीख, बलि,<br>
बनिक को बनिज, न चाकर को चाकरी।<br>
जीविका बिहीन लोग सीद्यमान सोच बस,<br>
कहैं एक एकन सों कहाँ जाई, का करी?<br>
बेदहूँ पुरान कही, लोकहूँ बिलोकिअत,<br>
साँकरे सबै पै, राम ! रावरें कृपा करी।<br>
दारिद–दसानन दबाई दुनी, दीनबंधु!<br>
छुरित–दहन देखि तुलसी हहा करी।।

अथवा

तिरती है समीर–सागर पर<br>
अस्थिर सुख पर दुःख की छाया<br>
जग के दग्ध हृदय पर<br>
निर्दय विप्लव की प्लावित माया<br>
यह तेरी रण–तरी<br>
भरी आंकाक्षाओं से,<br>
धन, भेरी–गर्जन से सजग सुप्त अंकुर<br>
उर में पृथ्वी के, आशाओं से<br>
नवजीवन की, ऊँचा कर सिर,<br>
ताक रहे हैं ऐ विप्लव के बादल!

प्रश्न 16. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए– (6)

'समता' का औचित्य यहीं पर समाप्त नहीं होता। इसका और भी आधार उपलब्ध है। एक राजनीतिज्ञ पुरूष का बहुत बड़ी जनसंख्या से पाला पड़ता है। अपनी जनता से व्यवहार करते समय, राजनीतिज्ञ के पास न तो इतना समय होता है, न प्रत्येक के विषय में इतनी जानकारी ही होती है जिससे वह सबकी अलग–अलग आवश्यकताओं तथा क्षमताओं के आधार पर वांछित व्यवहार अलग–अलग कर सके।

अथवा

वह कुछ अपर जाति का तत्त्व है। लोग स्पिरिचुअल कहते हैं, आत्मिक, धार्मिक, नैतिक कहते है। मुझे योग्यता नहीं कि मैं उन शब्दों में अन्तर देखूँ और प्रतिपादन करूँ। मुझे शब्दों से सरोकार नहीं। मै विद्वान नहीं कि शब्दों पर अटकू। लेकिन इतना तो है कि जहाँ तृष्णा है, बटोर रखने की स्पृहा है, वहाँ उस बल का बीज नहीं है। बल्कि यदि उसी बला को सच्चा बल मानकर बात की जाए तो कहना होगा कि संचय की तृष्णा और वैभव की चाह में व्यक्ति की निर्बलता ही प्रमाणित होती है। निर्बल ही धन की ओर झुकता है।

प्रश्न 17. स्वायत्त शासन विभाग, शासन सचिवालय की ओर से समस्त सरकारी विभागाध्यक्षों को स्वच्छता अभियान चलाने हेतु एक अधिसूचना का प्रारूप लिखिए। (4)

अथवा

शिक्षा विभाग शासन सचिवालय की ओर से सचिव माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर को पाठयक्रम में व्याप्त विसंगतियों को दूर करने हेतु एक ज्ञापन लिखिए।

प्रश्न 19. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 300 शब्दों में सारगर्भित निबंध लिखिए– (5)

(1) युवा छात्रों में बढ़ता असंतोष
(2) राजस्थान में पर्यटन की संभावनाएँ
(3) कृत्रिम बुद्धिमता ($AI$) : वरदान या अभिशाप
(4) आतंकवादः एक वैश्विक समस्या